राजस्थान पत्रिका

झुंझुनूं पत्रिका
पत्रिका patrika.com
नवलगढ़ . पिलानी . खेतड़ी . उदयपुरवाटी . मुकुन्दगढ़ . बिसाऊ . चूरू . सुरजगढ़ . मलसीसर . पिलानी

मेक इन इंडिया | कैंसर रोग के उपचार में मिलेगी मदद

सीरी पिलानी के वैज्ञानिकों ने विकसित किया ट्यूनेबल मैगनेट्रॉन

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

पिलानी. केन्द्रीय इलेक्ट्रोनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान सीरी के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित किया गया एस बैंड ट्यूनेबल मैग्नेट्रॉन फॉर पार्टिकल एक्सलरेटर्स टेक्नोलॉजी को पैनेशिया मेडिकल टेक्नोलॉजीज प्रा. लि. बेंगलूरू को ट्रांसफर किया गया है। टेक्नोलॉजी का ट्रांसफर होने से बेंगलूरू की कम्पनी इस उपकरण का उत्पादन कर बाजार में मुहैया करवाएगी। एस बैंड ट्यूनेबल मैग्नेट्रॉन फॉर पार्टिकल एक्सलरेटर्स पूर्ण तया स्वदेश निर्मित टेक्नोलॉजी है तथा यह कैंसर रोग के उपचार में काम मे आनी वाली रेडियोथैरेपी मशीनों में उपयोग में आता है। इससे पहले यह उपकरण विदेशों से आयात करना पड़ता था। संस्थान के वैज्ञानिकों ने भारत सरकार की आत्मनिर्भर अभियान के तहत किया गया है। टेक्नोलॉजी के व्यावसायिक विकास और वाणिज्यीकरण के लिए भारत सरकार के टेक्नोलॉजी डेवलपमेन्ट बोर्ड ने बुधवार को मैसर्स पैनेशिया मेडिकल टेक्नोलॉजीज प्रा. लि., बेंगलूरू के साथ समझौता पर हस्ताक्षर किए है।

पिलानी. एमओयू सौंपते सीरी के वैज्ञानिक व मौजूद केन्द्रीय मंत्री डॉ.जितेन्द्र सिंह।

विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी मंत्री डा.जितेन्द्र सिंह की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक एवं परियोजना प्रमुख, मैग्नेट्रॉन डा. शिवेन्द्र मौर्य, टेक्नोलॉजी डेवलपमेन्ट बोर्ड सचिव राजेश पाठक तथा मैसर्स पैनेशिया मेडिकल टेक्नोलॉजीज के प्रबंध निदेशक जी वी सुब्रह्मण्यम एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। गौरतलब है कि टेक्नोलॉजी का हस्तांतरण जुलाई 2020 में मैसर्स पैनेशिया मेडिकल टेक्नोलॉजीज को किया था ताकि इससे देश में उपलब्ध रेडियोथैरेपी मशीनों में स्वदेशी मैग्नेट्रॉन का उपयोग किया जा सके। अभी इन मशीनों में आयात किए गए मैग्नेट्रॉन का ही उपयोग होता है। एम ओ यू के अंतर्गत भारत सरकार क टेक्नोलॉजी विकास बोर्ड मेसर्स पैनेशिया मेडिकल टेक्नोलॉजीज के इस टेक्नोलॉजी की मदद से कैंसर के उपचार में उपयोगी रेडियोथैरेपी मशीने का निर्माण करने के लिए आवश्यक इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राप्त कराने के लिए वित्तीय सहयोग प्रदान करेगा सीएसआईआर-सीरी निदेशक डा. पी सी पंचारिया ने डा. शिवेन्द्र मौर्य सहित संस्थान की मैग्नेट्रॉन टीम को देश को गौरव बढ़ाने के लिए बधाई दी।